# उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण)

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ० प्र० जल निगम(ग्रामीण)
औद्योगिक क्षेत्र,खलीलाबाद, जनपद- संत कबीर नगर।
E-mail I.D:- cdsantkabirnagar@gmail.com, E-mail I.D:- eeruralskn@gmail.com,

पत्रांक 318 / W-05 / 23 दिनांक 24/04/2026

सेवा में,

जिलाधिकारी,

जनपद- संतकबीरनगर।

विषयः- दैनिक भास्कर समाचार पत्र में दिनांक 22-04-2026 को **"मनैतापुर में हर घर जल मिशन फेल, अधूरी पड़ी टंकी प्यास भुजाने के लिए हैण्ड पम्प ही सहारा"** के संबंध में।

महोदय,





कृपया उपरोक्त विषयक दैनिक भास्कर समाचार पत्र में प्रकाशित खबर **"मनैतापुर में हर घर जल मिशन फेल, अधूरी पड़ी टंकी प्यास भुजाने के लिए हैण्ड पम्प ही सहारा"** के संबंध में अवगत कराना है कि वि0ख0- बेलहर कला में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत **मनैतापुर पेयजल योजना** पर ओवरहेड टैंक का कार्य नींव के PCC स्तर तक पूर्ण है, वितरण प्रणाली का कार्य कुल 9.130 किमी० के सापेक्ष 9.086 किमी० पूर्ण है, पम्प हाऊस का कार्य 70 प्रतिशत पूर्ण है, बाउण्ड्रीवाल का कार्य 60 प्रतिशत तक पूर्ण है। गृह संयोजन का कार्य कुल 372 नग के सापेक्ष 198 नग पूर्ण किया गया है, कराये गये कार्यो के बीजकों का भुगतान लगभग 01 वर्ष से लम्बित है। जिसके कारण फर्म को आगे कार्य कराने में समस्या हो रही है, शासन द्वारा 90 प्रतिशत पूर्ण योजनाओं के बीजकों का ही भुगतान किया जा रहा है, अवशेष भुगतान प्राप्त होने पर फर्म द्वारा उक्त योजना के शेष कार्यो को अतिशीघ्र पूर्ण करा लिया जायेगा।

भवदीय

(महेन्द्र राम)
अधिशासी अभियन्ता

**पृ०स० एवं दिनांक तदैव-**

**प्रतिलिपिः- निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।**

1. मुख्य विकास अधिकारी महोदय, संतकबीरनगर।
2. जिला सूचना अधिकारी, संतकबीरनगर।
3. कार्यदायी फर्म मेघा इंजीनियरिंग एण्ड इन्फ्रा०लि०, संतकबीरनगर।

अधिशासी अभियन्ता

दैनिक भास्कर को Google पर पसंदीदा सोर्स बनाएं ➔
+Follow us
फीडबैक दें

# नल लग गए, पर जल का पता नहीं: मनैतापुर में हर घर जल मिशन फेल, अधूरी पड़ी टंकी; प्यास बुझाने के लिए हैंडपंप ही सहारा

कृष्ण चंद चौधरी | बेलहर कला(संत कबीर नगर), संतकबीर नगर
2 दिन पहले



हर घर जल मिशन।

संतकबीरनगर के बेलहर क्षेत्र स्थित ग्राम पंचायत मनैतापुर में सरकार की महत्वाकांक्षी 'हर घर जल मिशन' योजना अधूरी है। गांव में बन रही पानी की टंकी का निर्माण कार्य लंबे समय से रुका हुआ है, जिसके कारण ग्रामीणों को आज भी शुद्ध पेयजल के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों के अनुसार, योजना के तहत विभागीय कर्मचारियों ने घर-घर जाकर आधार कार्ड एकत्र किए थे। कई घरों में नल (टोटी) भी लगाए गए, लेकिन इसके बाद अधिकारी और कर्मचारी लापता हो गए। परिणामस्वरूप, न तो पानी की टंकी का निर्माण पूरा हुआ और न ही लगाए गए नलों में पानी की आपूर्ति शुरू हो पाई।



स्थानीय निवासियों महेश, घुरहू, अमीना खातून, रुकसाना, हिम्मत, बनवारी लाल और हेमंत सहित अन्य ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि बार-बार शिकायत करने के बावजूद उनकी सुनवाई नहीं हो रही है। शुद्ध पानी के लिए ग्रामीणों को हैंडपंप, कुएं

Download App from
Google Play
App Store

ग्रामीणों का कहना है कि एक ओर सरकार 'हर घर नल से जल' पहुंचाने का दावा कर रही है, वहीं दूसरी ओर जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल अलग है। अधूरे निर्माण कार्य और अधिकारियों की कथित लापरवाही के कारण यह योजना ग्रामीणों के लिए केवल एक कागजी सपना बनकर रह गई है।

ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि पानी की टंकी का निर्माण कार्य जल्द से जल्द पूरा कराया जाए। उन्होंने यह भी अनुरोध किया है कि हर घर तक नियमित जल आपूर्ति सुनिश्चित की जाए, ताकि सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना का वास्तविक लाभ उन्हें मिल सके।इस बारे जल निगम जेई जेएन यादव से बात की उन्होंने बताया कि जल्द इसका समाधान होगा।

दैनिक भास्कर को Google पर पसंदीदा सोर्स बनाएं →
+Follow us

## खबरें और भी हैं...

**संतकबीर नगर में 9 घंटे में 4 FIR: उपद्रवियों में 10 नामजद सहित 30 लोगों पर मुकदमा दर्ज, पुलिस टीम पर किया था हमला**



संतकबीर नगर ›

शेयर

**संतकबीरनगर में ऑटो-ट्रक टक्कर में महिला की मौत: रामजानकी मार्ग पर पांच**

